आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 03.08.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश की विकास योजनाओं को मिलेगी नई रफ्तार; मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न योजनाओं के लिए 812 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- गैरसैण में 19 अगस्त से शुरू होने वाले उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियां जारी, चमोली के जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समय पर व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए।
- हरिद्वार में अवैध और असुरक्षित विद्युत कनेक्शनों को 15 दिनों के भीतर हटाया जाएगा।
- प्रदेश में नशे के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई जारी; चम्पावत पुलिस ने चार किलोग्राम अवैध चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

**वित्तीय स्वीकृति**

उत्तराखंड में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश भर की विभिन्न योजनाओं के लिए 812 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

जोशीमठ के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में स्लोप स्थिरीकरण कार्य योजना के लिए 516 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत करते हुए 40 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों के लिए 200 करोड़ रुपये की धनराशि भी मंजूर की गई है।

राज्य के 52 नगर निकायों में "देवभूमि रजत जयंती पार्क" के निर्माण के लिए 40 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। साथ ही उत्तराखंड पेयजल निगम को विभिन्न परियोजनाओं के लिए साढे तीन करोड़ रुपये और जल संस्थान को डेढ़ करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

टिहरी जिले के नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में मुनिकीरेती स्थित रामझूला सेतु की मजबूती और सुरक्षा कार्य के लिए 11 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार और स्वायत्त निकायों/उपक्रमों के उन कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने की स्वीकृति दी है जो 5वें और 6वें वेतनमान के अनुसार वेतन पा रहे हैं। पांचवें वेतनमान के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 455 प्रतिशत से बढ़ाकर 466 प्रतिशत और छठे वेतनमान के कर्मचारियों का 246 प्रतिशत से बढ़ाकर 252 प्रतिशत किया गया है।

## तैयारियां

गैरसैण में 19 अगस्त से शुरू होने वाले उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समय पर व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि सत्र के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो।

पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि सुरक्षा के लिए जगह–जगह बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे और पुलिस कंट्रोल रूम की व्यवस्था की जाएगी। पुलिस बल के ठहरने के लिए विशेष इंतजाम और हेलीपैड क्षेत्र में सेफ हाउस भी बनाए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने आवासों में विद्युत, पेयजल, साफ–सफाई और अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में टीम गठित की। उन्होंने निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था और खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## गुलदार पिंजरे में कैद

पौड़ी जिले के श्रीनगर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से आतंक फैलाने वाला गुलदार आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। कुछ दिन पहले गुलदार ने गंगा दर्शन के पास दो लोगों पर हमला कर घायल कर दिया था, जिसके बाद ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने की मांग की थी।

वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इलाके में पिंजरा लगाया और गश्त तेज कर दी। प्रभागीय वन अधिकारी, पौड़ी, स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि गुलदार को रेस्क्यू कर पौड़ी लाया गया है, जहां चिकित्सकों की टीम उसका स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है।

## स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ीकरण

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। हाल की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत राज्य में स्वास्थ्य आयुक्त नियुक्त करने और मेडिकल कॉलेजों में एम्स की तर्ज पर उपनिदेशक, प्रशासन, पद सृजित करने पर विचार किया जा रहा है।

प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री आर.के. सुधांशु ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने चिकित्सकीय मामलों में लापरवाही रोकने, जिम्मेदारी तय करने और मरीजों की सुविधा बढ़ाने पर जोर दिया गया। सभी जिला चिकित्सालयों में हेल्पडेस्क बनाने के निर्देश दिए गए, जहां जनसंपर्क अधिकारी, मरीजों और तीमारदारों की मदद करेंगे। जिला व उप–जिला चिकित्सालयों में जिला स्तर के प्रशासनिक अधिकारी की तैनाती भी रोस्टर के आधार पर होगी।

इसके अतिरिक्त आयुष्मान हेल्प डेस्क को मजबूत करने और भीड़ नियंत्रण के लिए ओपीडी की ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग का बेहतर सिस्टम विकसित करने पर भी काम किया जाएगा।

## कार्रवाई निर्देश

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अवैध और असुरक्षित विद्युत कनेक्शनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। उन्होंने सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया है कि वे मिशन मोड में काम करते हुए 15 दिनों के भीतर ऐसे सभी कनेक्शनों को हटाएं।

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि अवैध कनेक्शन देने वाले कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, यदि किसी अधिशासी अभियंता द्वारा निर्धारित समय सीमा में कार्य नहीं किया गया, तो उनका अगस्त माह का वेतन रोका जाएगा।

यह निर्णय जिलाधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण के बाद लिया गया, जिसमें पाया गया कि कई स्थानों पर अतिक्रमण कर बनाए गए घरों, दुकानों और ठेलों से असुरक्षित तरीके से बिजली कनेक्शन लिए गए हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है।

## गिरफ्तारी

ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत चम्पावत पुलिस ने चार किलोग्राम अवैध चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। टनकपुर पुलिस और एसटीएफ कुमायूं यूनिट की संयुक्त टीम ने टनकपुर स्टेडियम के पास चेकिंग के दौरान यह कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि जनवरी 2025 से अब तक जिले में सोलह दशमलव पांच–आठ किलोग्राम चरस, 632 ग्राम हेरोइन, साढे पांच किलोग्राम से अधिक एमडीएमए और 986 ग्राम अफीम बरामद की गई है। इस दौरान 180 आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।

## सहयोग समझौता

उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ और श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग समझौता संपन्न हुआ है। यह समझौता पारंपरिक उत्पादों को नया बाजार उपलब्ध कराने के साथ–साथ आधुनिक कृषि, महिला सशक्तिकरण और जैविक विकास के क्षेत्र में भी निर्णायक भूमिका निभाएगा।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की उपस्थिति में यह अनुबंध देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुआ।

समझौते के तहत, उत्तराखंड रेशम फेडरेशन के रेशमी शॉल, टोपी, मफलर, दीक्षांत गाउन जैसे पारंपरिक उत्पाद अब गुरु राम राय समूह के चिकित्सा एवं शैक्षणिक संस्थानों के दीक्षांत समारोहों में उपयोग किए जाएंगे। इसके साथ ही, इन संस्थानों में उत्पादों की बिक्री के लिये आउटलेट भी स्थापित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय महिला समूहों, बुनकरों और कारीगरों को स्थायी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए, श्री गुरु राम राय संस्थान की अप्रयुक्त परिसंपत्तियों पर एक आधुनिक कृषि प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी। यहां किसानों को आधुनिक खेती, फूलों की खेती, बागवानी, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, सीबी प्लांट, पॉलीहाउस, एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल से महिलाओं को हस्तशिल्प, विपणन और प्रसंस्करण में स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और युवाओं को उद्यमशीलता की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

## सफाई अभियान

बरसात के कारण नदी–नालों में जमा कचरे को साफ करने के लिए नगर निगम देहरादून ने विशेष सफाई अभियान शुरू किया है। बड़े नालों की सफाई के लिए जेसीबी मशीनें और छोटे नालों के लिए सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं।

इस अभियान के तहत पटेल नगर, पथरी बाग समेत कई क्षेत्रों में नालों से टनों कचरा निकालकर डंपिंग ग्राउंड में भेजा गया। निगम का कहना है कि यह कार्रवाई बरसाती जलभराव से बचाव के लिए जारी रहेगी।

## थर्ड पार्टी निरीक्षण व्यवस्था

प्रदेश में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक विश्वसनीय व पारदर्शी बनाने के प्रयासों के तहत उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ने पहली बार अपने स्टोर केंद्रों व उपकेंद्रों पर प्राप्त विद्युत सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण व्यवस्था लागू कर दी है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जो सामग्री स्टोर तक पहुंच रही है, वह उसी गुणवत्ता की हो, जैसी पहले निरीक्षण में प्रमाणित की गई थी। थर्ड पार्टी निरीक्षण के लिए 10 एन०ए०बी०एल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं का चयन किया गया है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त जारी की, जिससे जुड़ी ख़बरें आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में हैं।

उत्तराखंड में भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का आयोजन हुआ; इस खबर के शीर्षक में हिन्दुस्तान समाचार पत्र मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखता है– किसानों का विकास करेंगे, उत्तराखंड में अब तक आवंटित हो चुके हैं 33 सौ करोड़ रूपये।

प्रदेश के अब हर अस्पताल में रेफरल के लिए होगा नोडल अधिकारी, दैनिक जागरण की सुर्खी है। समाचार पत्र लिखता है– अनुचित रेफरल पर संबंधित सीएमओ पर की जाएगी कार्रवाई।

स्कूलों को गोद लेने के लिए एसओपी जारी करेगी विभाग– अमर उजाला की ख़बर है। समाचार पत्र के अनुसार शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने इस, संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

ज्योर्तिमठ में 516 करोड़ से होंगे सुरक्षा के इंतजाम– हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है। खबर के मुताबिक, आपदा से जूझ रहे ज्योर्तिमठ के संवेदनशील क्षेत्रों में किए जाएंगे सुरक्षा के कड़े प्रबंध।